सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 249 | इंदौर, गुरुवार 26 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बांग्लादेश में बस नदी में गिरी, 23 की मौत

- 11 लोगों ने तैरकर जान बचाई, बस को बड़ी नाव पर चढ़ाते समय हुआ हादसा



**ढाका, (एजेंसी) बांग्लादेश में एक यात्री बस पद्मा नदी में गिर गई। हादसे में अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है। 11 यात्रियों ने तैरकर अपनी जान बचा ली। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार शाम को हुआ। तब सिर्फ 2 लोगों की मौत की खबर आई थी।**

हादसा राजबाड़ी जिले में दाउलादिया टर्मिनल पर हुआ। बस फेरी (बड़ी नाव) पर चढ़ रही थी। इसी दौरान ड्राइवर का कंट्रोल छूट गया और बस सीधे नदी में जा गिरी। बांग्लादेश में बसों और गाड़ियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का इस्तेमाल होता है। यह एक बड़ी नाव या जहाज जैसा होता है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली और जांच के आदेश दिए।

रेस्क्यू टीम ने 'हमजा' नाम के जहाज की मदद से करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद आधी रात को बस को बाहर निकाला। इसमें 21 शव मिले, जबकि गोताखोरों ने पहले ही दो महिलाओं के शव बरामद कर लिए थे। फायर सर्विस और कोस्टगार्ड के गोताखोर सेना और पुलिस की मदद से लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं।

## अमेरिका बोला- ईरान हार मान ले:नहीं तो और बड़ा हमला करेंगे; ईरान ने कहा- शांति की कोई उम्मीद नहीं

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, (एजेंसी)** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 27वां दिन है। अमेरिका ने ईरान को साफ चेतावनी दी है कि अगर उसने हार नहीं मानी, तो उस पर पहले से भी ज्यादा जोरदार हमला किया जाएगा। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प इस मामले में बिल्कुल गंभीर हैं और अगर ईरान नहीं माना, तो अमेरिका और कड़ी कार्रवाई करेगा। वहीं, ईरान ने अमेरिका के सीजफायर प्रस्ताव को साफ तौर पर खारिज कर दिया है। ईरान का कहना है कि वह ट्रम्प की शर्तों पर जंग खत्म नहीं करेगा और उसे अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि फिलहाल कोई असली बातचीत नहीं हो रही है।

### रामनवमी पर हनुमान लोक का लोकार्पण

# सीएम छिंदवाड़ा और पांढुर्णा को देंगे विकास कार्यों की सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव गुरुवार को छिंदवाड़ा और नये जिले पांढुर्णा को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री दोनों जिलों में विकास को और अधिक गति देने के लिये विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को पुलिस ग्राउंड, छिंदवाड़ा में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे 506.29 करोड़ की लागत के 105 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले को विकास की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम प्रदेश के संबल और पेंशन योजना के हितग्राहियों को आर्थिक सहायता राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव चौरई के सिहोरा माल में आयोजित सहस्त्र कुंडीय यज्ञ में शामिल होंगे।**



### 362.80 करोड़ के लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे

मुख्यमंत्री नये जिले पांढुर्णा में 362.80 करोड़ रूपये के 67 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। यह पहल जिले के समग्र विकास को नई गति प्रदान करते हुए आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाएगी। मुख्यमंत्री 34 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे, जिनकी कुल लागत 111.63 करोड़ रुपये है। इन कार्यों से विभिन्न विभागों की अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी और आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण) का 30.5 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित पांढुर्णा फ्लाईओवर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो शहर के यातायात को सुगम बनाते हुए आवागमन में लगने वाले समय को कम करेगा तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगा।

### 33 नवीन विकास कार्यों

मुख्यमंत्री 33 नवीन विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी करेंगे। इनकी कुल लागत 251.17 करोड़ रूपये है। इन परियोजनाओं में एमपी भवन विकास निगम के 3 महत्वपूर्ण कार्य ( 69.49 करोड़) विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, जिनमें कलेक्टर कार्यालय, जिला चिकित्सालय एवं एसपी ऑफिस शामिल हैं। ये संस्थान जिले की प्रशासनिक, स्वास्थ्य एवं कानून-व्यवस्था की व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### रामनवमी पर हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ करेंगे

मुख्यमंत्री राम नवमी पर हनुमान जन्मोत्सव 2026 का शुभारंभ करने जामसांवली धाम पधारेंगे। मुख्यमंत्री जामसांवली धाम में एमपी पर्यटन विभाग द्वारा विकसित हनुमान लोक परियोजना तथा मंदिर संस्थान द्वारा निर्मित नवनिर्मित विशाल सभामंडप का लोकार्पण कर हनुमान जन्मोत्सव 2026 का शुभारंभ करेंगे। हनुमान लोक परियोजना केवल मंदिर परिसर का विस्तार नहीं है, बल्कि यह आधुनिक तकनीक और पौराणिक परंपराओं के समन्वय का एक जीवंत उदाहरण है। लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहा यह कॉरिडोर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। जामसांवली धाम भी अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। इसमें आस्था के साथ जनभागीदारी और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का व्यापक समावेश है।

# सीएम यादव ने जन्मदिन पर 'एमपीटी कैफे कल्चर हाउस' का किया शुभारंभ, दिव्यांग बच्चों को दी 5 लाख की सहायता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमपीटी कैफे कल्चर हाउस का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बाल निकेतन और आरुषि संस्था के दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया और उन्हें उपहार भी वितरित किए। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके उत्साहवर्धन के लिए 5 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। वहीं "राम सा संघर्ष" कविता प्रस्तुत करने वाली सुहाना को



21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमपीटी कैफे कल्चर हाउस मध्य प्रदेश पर्यटन का एक अनूठा प्रोजेक्ट है, जो प्रदेश की संस्कृति, प्रकृति और खानपान को एक साथ जोड़ता है। यह स्थान कला, संस्कृति और स्थानीय परंपराओं को बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच बनेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें पर्यटन को बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों और संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद करती हैं। रविंद्र भवन परिसर में स्थित यह कैफे शहर की भागदौड़ के बीच एक शांत और सुकून भरा माहौल प्रदान करता है। करीब 85 लोगों की बैठने की क्षमता वाले इस कैफे को नेचर ग्रीन थीम पर तैयार किया गया है, जहां लोग प्रकृति के बीच बैठकर भोजन का आनंद ले सकते हैं। कैफे का इंटीरियर स्थानीय शिल्पकला और हस्तनिर्मित सजावट से सुसज्जित है, जो इसे खास बनाता है। कैफे का मेन्यू भी इसकी बड़ी खासियत है। इसमें मध्य प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों को आधुनिक अंदाज में परोसा जाता है, जैसे इंदौर का प्रसिद्ध भुट्टे का कीस, रागी बालूशाही और कोदो अरंचिनी जैसे मिलेट्स आधारित व्यंजन। इसके साथ ही यहां एमपीटी बेक हाउस का आउटलेट भी है, जहां होममेड ब्रेड, पेस्ट्री और अन्य बेकरी उत्पाद उपलब्ध हैं।

बकाया टैक्स जमा करने का चांस

# नगर निगम ने दी राहत, 31 मार्च तक सरचार्ज में मिलेगी छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम सप्ताह में शहरवासियों को बड़ी राहत दे रहा है। नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर अब लोग 31 मार्च तक अपने बकाया संपत्तिकर और जलकर पर लगने वाले सरचार्ज में भारी छूट पा सकते हैं। देखा जाए तो यह सरचार्ज में छूट पाने का आखिरी मौका है।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि नगर निगम लोगों को संपत्तिकर, जलप्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार के बकाया भुगतान पर सरचार्ज में विशेष राहत दी जा रही है, जिससे वे अपने लंबित करों का शीघ्र एवं सरलता से निराकरण कर सकें। यह विशेष छूट 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद सरचार्ज सहित राशि जमा करना होगी।



साल 2026 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के अंतर्गत संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के बकाया मामलों में केवल सरचार्ज में छूट प्रदान की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत देते हुए लंबित राजस्व की वसूली सुनिश्चित करना है। निगम कमिश्नर ने बताया कि वर्तमान यह वित्तीय वर्ष खत्म होने में एक हफ्ता ही बाकी है। ऐसे में राजस्व वसूली को प्राथमिकता देते हुए शासन ने यह निर्णय लिया गया है कि लोक अदालत अंतर्गत दी जा रही अधिभार में छूट को 31 मार्च 2026 तक लगातार जारी रखा जाए।

ईवी हादसे में जले शव के टुकड़े मिले

# पुलिस बोली- बच्चे के हो सकते हैं, परिजन का इनकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ईवी हादसे के सातवें दिन (मंगलवार को) घर से बॉडी पार्ट्स मिले हैं। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है, जबकि परिजन इनकार कर रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि अवशेष किसके हैं। पुलिस को अनुमान है कि ये मासूम तनय के हो सकते हैं।**

वहीं, घर में अवैध रूप से रखे 12 से ज्यादा गैस सिलेंडर मिलने के बाद खाद्य विभाग भी जांच की तैयारी में है, क्योंकि नियम के अनुसार 100 किलो से अधिक गैस का भंडारण नहीं किया जा सकता। इधर, एडिशनल डीसीपी (जोन-2) अमरेंद्र सिंह के मुताबिक, मकान हैंडओवर प्रक्रिया के दौरान पुलिस की मौजूदगी में परिजन को कुछ अवशेष मिले थे, जिन्हें तिलक नगर मुक्तिधाम में दफना दिया गया है। तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा का भी कहना है कि परिजन घर से सामान निकाल रहे थे, तभी तेज बदबू आने पर जांच की गई, जहां शव के कुछ अवशेष मिले। मृतक मनोज पुगलिया के बड़े बेटे सौरभ ने बॉडी पार्ट्स मिलने की बात से साफ इनकार किया है। बता दें, 18 मार्च को बृजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के अर्हम विला में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 4 लोग घायल हैं। मृतकों में 6 रिश्तेदार शामिल थे, जो बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना वाले दिन 6 साल के तनय का केवल पैर ही मिला था। इसी आधार पर पुलिस को आशंका है कि बाद में मिले अवशेष उसके हो सकते हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि जिसे पहले तनय का शव माना जा रहा था, वह सोफे का फोम निकला। यह जानकारी डॉक्टरों ने पुलिस को दी थी। सौरभ पुगलिया शुरुआत से ही अलग-अलग बयान दे रहा है। उसने पहले दावा किया था कि ईवी चार्जिंग पर नहीं थी, इसलिए आग उससे नहीं लगी, जबकि बिजली कंपनी की रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि कार चार्जिंग में थी और ऑटो-कट के बाद दोबारा करंट आने से शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग भड़की। घटना के बाद घर के अंदर से 8 घरेलू और 4 कमर्शियल गैस सिलेंडर मिले। पुलिस के मुताबिक, इनमें से 2 सिलेंडर फट चुके थे, जिनके अवशेष जांच टीम को मिले। घर में इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडर क्यों रखे गए थे, इस पर परिजन अब तक स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए हैं। 12 से ज्यादा सिलेंडर मिलने के चलते खाद्य आपूर्ति विभाग भी मामले की विभागीय जांच करेगा। खाद्य अधिकारी मोहनलाल मारू ने बताया कि फिलहाल पुलिस रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# पंपों पर अचानक बढ़ी भीड़ तो एक्टिव हो गए जनप्रतिनिधि-अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तेल संकट की अफवाह के बीच इंदौर में मंगलवार रात पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देखते ही देखते शहर के कई पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लग गईं और लोग अपनी गाड़ियों में पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए घंटों इंतजार करते नजर आए।**



स्थिति बिगड़ते ही प्रशासन और जनप्रतिनिधि तुरंत एक्टिव हो गए। कई पेट्रोल पंपों पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझाइश देते हुए बताया कि शहर में ईंधन की कोई कमी नहीं है। साथ ही सोशल मीडिया के जरिए भी लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट किया कि इंदौर में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। साथ ही अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बुधवार सुबह भी पुलिस अधिकारी पेट्रोल पंपों पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पंप संचालकों से बातचीत कर सप्लाई की स्थिति जानी गई। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम ने डिपो और पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। इधर, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को भरोसा दिलाया कि शहर में ईंधन की कोई कमी नहीं है और बेवजह घबराने की जरूरत नहीं है।

बुधवार सुबह पुलिसकर्मी और अधिकारी पेट्रोल पंप पर पहुंचे और लोगों की समझाइश दी। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों से बातचीत भी की। हालांकि एक बात ये सामने आई कि रात में पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़ के कारण कुछ पेट्रोप पंपों पर रात में स्टॉक खत्म हो गया, जिसके चलते कुछ जगह पर सुबह दिक्कत आई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि टैंकरों के आने के बाद स्थिति पूरी तरह सामान्य है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल की कमी की किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से घबराहट में ईंधन का संग्रह न करें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में 149 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल के वायरल वीडियो पर खाद्य विभाग ने बताई वस्तुस्थिति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के लोहा मंडी क्षेत्र में पेट्रोल 149 रुपये प्रति लीटर बिकने के वायरल वीडियो को लेकर उठे सवालों पर खाद्य विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। विभाग के अनुसार, वीडियो में दिखाया गया पेट्रोल सामान्य पेट्रोल नहीं बल्कि एक्सपी 100 (एक्सपी100) कैटेगरी का प्रीमियम पेट्रोल है, जिसकी कीमत पहले से ही अधिक निर्धारित होती है।**

खाद्य विभाग ने बताया कि एक्सपी100 पेट्रोल 100 ऑक्टेन नंबर वाला प्रीमियम फ्यूल होता है, जो हाई-परफॉर्मेंस वाहनों के लिए उपयोग किया जाता है। इसकी कीमत सामान्य पेट्रोल की तुलना में ज्यादा रहती है और वर्तमान में यह लगभग 149 रुपये प्रति लीटर के आसपास ही उपलब्ध है। वायरल वीडियो की सत्यता को लेकर विभाग ने नापतोल (माप-तौल) विंग से भी जांच कराई। जांच में पाया गया कि पेट्रोल पंप की मशीन में दर्ज 149 रुपये प्रति लीटर की दर पूरी तरह सही है और इसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। खाद्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी या वीडियो पर विश्वास करने से पहले तथ्य जरूर जांच लें और अफवाहों से बचें।

# गांव की बेकरी में आग, 10 टैंकर पानी डालने के बाद पाया काबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। धार रोड स्थित सिंहासा गांव में बुधवार सुबह एक बेकरी में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। घटना के समय अंदर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था।**

फायर ब्रिगेड के अनुसार सुबह करीब 9 बजे सुफ्फा बेकरी में आग लगी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि विस्तृत जांच अभी जारी है।

शुरुआत में आग बुझाने में काफी कठिनाई आई। करीब 10 टैंकर पानी डालने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग का धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। आसपास नमकीन कारखाने और गोदाम होने के कारण खतरा बढ़ गया था। स्थानीय गार्ड ने सबसे पहले धुआं निकलते देखा और फायर स्टेशन को सूचना दी, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार आग पर नियंत्रण कर लिया गया है, लेकिन अंदर जले मटेरियल के कारण धुआं निकल रहा है। एहतियातन दमकल टीम मौके पर तैनात है।





# ग्रेडिंग में बाणगंगा नंबर-1, 60 लाख के फोन ट्रेस, पुलिस ने लौटाए 251 गुम मोबाइल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पुलिस ने छीनाझपटी, गुमशुदगी और मोबाइल चोरी के मामलों में पीड़ितों को राहत देने के लिए सिटीजन कॉप ऐप के जरिए विशेष पहल की है। इन शिकायतों के आधार पर क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए 251 गुम मोबाइल उनके असली मालिकों को वापस दिलाए।**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, ऐप पर मिली शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए मोबाइल ट्रेस किए गए। ये मोबाइल महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात समेत अन्य राज्यों में उपयोग किए जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपए है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने थानों की कार्यप्रणाली के आधार पर ग्रेडिंग लिस्ट जारी की है। दो माह पहले जारी सूची में खजराना, कनाडिया और विजयनगर थाने शीर्ष पर रहे थे। इस बार बाणगंगा थाना बेहतर कार्रवाई के चलते पहले स्थान पर रहा है। दूसरे नंबर पर पलासिया और तीसरे पर भंवरकुआ थाना शामिल हैं। वहीं लसूड़िया और खजराना को क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान मिला है। 32 थानों की इस सूची में पड़रीनाथ थाना सबसे निचले पायदान पर रहा, जिसका प्रदर्शन सबसे कमजोर पाया गया।



# पुणे की लॉजिस्टिक कंपनी से 90 लाख की धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना पुलिस ने पुणे की एक लॉजिस्टिक कंपनी के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में कंपनी के ही कर्मचारी और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई कंपनी के डायरेक्टर की शिकायत पर की गई।**




पुलिस के मुताबिक एमआरसी लॉजिस्टिक कंपनी के डायरेक्टर राजीव आर्य ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें इंदौर में कार्यरत कंपनी कर्मचारी कुलदीप सिंह सहित उसके सहयोगियों विनय, काशीनाथ चौहान, सचिन सोनी, रेनू कुमारी और अमित शर्मा को आरोपी बनाया गया है। जांच में सामने आया है कि कुलदीप सिंह कंपनी में इंदौर शाखा प्रमुख के रूप में कार्यरत था। उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी बिल तैयार किए और अन्य कंपनियों के नाम पर भुगतान दिखाकर कंपनी के पैसे अपने परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर दिए। पुलिस के अनुसार रेनू कुमारी कृतिका कंटेनर्स, अमित शर्मा बालाजी रोडवेज और सचिन सोनी सेफेक्स रिलोकेशन नाम से कंपनियां संचालित करते हैं। जांच में यह भी सामने आया कि ये सभी कंपनियां आरोपी कुलदीप के परिचितों से जुड़ी हुई हैं और इन्हीं के माध्यम से धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। कंपनी का आरोप है कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच 90 लाख रुपए से अधिक की हेराफेरी की गई। शिकायत के साथ कंपनी ने बिल और खर्च से जुड़े दस्तावेज भी पुलिस को सौंपे हैं। लसूड़िया पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य संबंधित लोगों से भी पूछताछ की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कॉलेज संचालक से फिरौती की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में कुख्यात लारेंस विश्नोई गैंग की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। इस बार गैंग ने एक कॉलेज संचालक को निशाना बनाते हुए धमकी और फिरौती की मांग की है। अपोलो डीबी सिटी (निपानिया) निवासी रंजन मित्तल पिपल्याकुमार क्षेत्र में कॉलेज संचालित करते हैं। उनको विदेशी नंबरों से कॉल और वॉयस नोट भेजकर धमकाया गया। घटना के बाद क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज कर जांच तेज कर दी है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से शहर के कारोबारी और संस्थान संचालक दहशत में हैं।

जानकारी के मुताबिक, 7 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे रंजन मित्तल को पहला कॉल आया, जिसे उन्होंने अनदेखा कर दिया। इसके बाद उन्हें वॉयस नोट भेजकर फोन उठाने के लिए धमकाया गया। 8 फरवरी को दोबारा वॉयस नोट भेजकर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पैसों की मांग भी की गई। कॉल के लिए इस्तेमाल किए गए नंबर विदेश के बताए जा रहे हैं, जिससे मामले में अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की आशंका भी जताई जा रही है। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने मनीष जांगिड़ नामक आरोपी को अशोक नगर से गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। मनीष गैंग के लिए रैकी करने और धमकी पहुंचाने का काम करता था। पुलिस और साइबर एक्सपर्ट उससे पूछताछ कर रहे हैं, जिससे गैंग के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों का पता लगाया जा सके। जांच में सामने आया है कि रंजन मित्तल को धमकाने के लिए जिस नंबर (13029469500) का इस्तेमाल किया गया, उसी नंबर से अशोक नगर के कारोबारी अंकित अग्रवाल को भी धमकी दी गई थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि गैंग एक ही नेटवर्क के जरिए अलग-अलग लोगों को निशाना बना रही है।

# मांगलिया डिपो से पेट्रोल डीजल की सुचारू आपूर्ति

## अफवाहों से दूर रहने की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर आज सुबह 6 बजे से मांगलिया स्थित एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम एवं इंडियन ऑयल के डिपो पर टैंकरों में ईंधन भरने का कार्य तेज गति से प्रारंभ कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे तक मांगलिया डिपो से हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 25 टैंकर लोरियां, भारत पेट्रोलियम की 17 तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की 19 टैंकर लोरियां विभिन्न पेट्रोल पंपों के लिए रवाना हो चुकी हैं। डिपो पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध है और पूरी क्षमता के साथ टैंकरों को भरा जा रहा है। जिला प्रशासन की टीम सुबह 5 बजे से ही सक्रिय होकर मांगलिया डिपो तथा फील्ड के पेट्रोल पंपों का सतत निरीक्षण कर रही है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अपनी आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल प्राप्त करें। जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है तथा आपूर्ति पूरी तरह व्यवस्थित रूप से जारी है।



## संस्था आदित्य के तत्वावधान में एक्सीलेन्स अवार्ड एवं पत्रकार सम्मान समारोह 11 अप्रैल को

**इंदौर।** सामाजिक कार्यों व जनचेतना के अभियान में सदैव तत्पर रहने वाली संस्था 'आदित्य' अपने अगले आयोजन में कला, शिक्षा, खेल, पत्रकारिता, साहित्य, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में ऐसी हस्तियों को सम्मानित करने जा रही हैं। जिन्होंने देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाकर समाज, परिवार एवं देश का नाम गौरवान्वित किया है। उन सभी प्रतिभागियों का सम्मान किया जाएगा। संस्था के संयोजक सचिन नीमा ने बताया कि संस्था 'आदित्य' समय-समय पर सामाजिक कार्य करती रहती है व अलग अलग क्षेत्र में जिन लोगों ने अपनी कार्यशैली से सफलता का परचम फहराया हो, ऐसी शख्सियतों को सम्मानित करती रहती हैं। संस्था द्वारा अपने 11वें आयोजन के जरिये 11 अप्रैल शनिवार को दोपहर 4 बजे से धार रोड स्थित कीमती गार्डन में एक आयोजन करने जा रही है, जिसमें कई नामी-गिरामी हस्तियां सम्मलित होगी। देश के कई नामचीन पत्रकारों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। दिगम्बर जैन समाज के आधार स्तंभ महावीर जैन को इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही महिलाओं व बच्चों के लिए भी टेलेंट शो का भी इस अवसर पर आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए भी लोगों में इस कार्यक्रम के प्रति उत्साह हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील अमर गोमे, विनोद निगम, अजय सिसोदिया, भरत राठौर, सुरेश जैन, रवि खिंवी, जितेंद्र मौर्य, मनीष शिंदे, प्रवीण मौर्य आदि ने की है।

### चीतों का नया बसेरा बनेगा बुंदेलखंड, अब बुंदेलखंड की धरती पर चीते भरेंगे फर्राटे

# जैव विविधता हमारी विरासत, इसे समृद्ध करना हमारा कर्तव्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सागर जिले के वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) में संरक्षित प्रजाति के कछुओं को जल में विमुक्त कर जैव विविधता संरक्षण का नव संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने चीतों के पुनर्वास के लिए बनने वाले विशेष बाड़े (बोमा) का भूमि-पूजन भी किया।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार जंगलों और जल स्त्रोतों को समृद्ध बनाकर वन्य प्राणियों एवं जलीय जीवों के संरक्षण के लिए सतत् प्रयास कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से साफ पानी वाली नदियों में कछुओं की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन पर जोर देते हुए कहा कि इससे हमारे पारिस्थितिकीय संतुलन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नौरादेही टाइगर रिजर्व को भविष्य में एक और बड़ी पहचान मिलने जा रही है। आने वाले समय में यह क्षेत्र मध्यप्रदेश में चीतों का तीसरा सुरक्षित आवास बनेगा। इससे मध्यप्रदेश के वन्य-जीव पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही हमारी जैविक सम्पदा और भी समृद्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रकृति और विकास के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में हमारी सरकार यह महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जन्म दिवस पर चीता पुनर्वास के लिए सॉफ्ट रिलीज बोमा (बाड़े) का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जलीय जीवों की समृद्धि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दिखाते हुए यहां चंबल नदी और भोपाल से लाए गए 14 कछुए भी मुक्त विचरण के लिये बामनेर नदी में छोड़े। यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा नेशनल टाइगर रिजर्व है। जिसकी सीमाएं सतपुड़ा, कान्हा और पेंच राष्ट्रीय उद्यान से मिलती हैं। नौरादेही टाइगर रिजर्व में कई प्रकार के वन्यजीवों की प्रजातियों के लिए अनुकूल वातावरण है।

### कृषक के खेत में खाट पर बैठकर किया भोजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कृषक हरदास रैकवार के खेत पर पहुंचने पर कृषक परिवार ने कलश रखकर, चंदन रोली का तिलक लगाते हुए पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण परिवेश में आम के वृक्ष की छांव में खाट पर बैठकर भोजन किया। भोजन के पूर्व उन्होंने गौ माता को गुड-चारा भी खिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुन्देली भोजन की तारीफ की और कढ़ी, बिर्रा की रोटी, समां के चावल की खीर, खीचला-पापड़ आदि व्यंजनों का स्वाद चखा। इस अवसर पर उन्होंने किसान से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मिल रहे लाभ की जानकारी भी ली।

# सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक खबरों के कारण लोगों में घबराहट फैल गई

### कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह ने अचानक हालात बिगाड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह ने अचानक हालात बिगाड़ दिए हैं। सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक खबरों के कारण लोगों में घबराहट फैल गई और पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कई जगहों पर लंबी कतारें लग गईं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा।**



रीवा में पंपों पर पुलिस बुलानी पड़ी। भोपाल में मोटरसाइकिल में सिर्फ 200 रुपए का पेट्रोल देने की शिकायत पर एयरपोर्ट रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप को सील कर दिया गया। हालांकि, प्रशासन और पेट्रोल पंप संचालकों का साफ कहना है कि कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है। पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई भी लगातार जारी है। इसके बावजूद लोग टैंक फुल करवा रहे हैं, जिससे कुछ जगहों पर अव्यवस्था की स्थिति बन गई। इंदौर के भंवरकुआं में लोहामंडी के उषाराजे पंप पर हितेश देशमुख अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि 2 लीटर पेट्रोल 300 रुपए का दिया गया। इस बारे में पूछने पर पंप कर्मचारियों ने कहा कि यह ब्रांडेड सुपर XP 100 पेट्रोल है। यह एमपी के सिर्फ तीन शहर- इंदौर, भोपाल और ग्वालियर में ही मिलता है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को रेट और टाइप पूछकर पेट्रोल डलवाना चाहिए।

**कुक्षीः** बाग क्षेत्र के चार में से तीन पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल खत्म हो गया। नायरा पंप पर प्रति बाइक सिर्फ 100 रुपए का पेट्रोल दिया जा रहा है। अचानक बढ़ी पैनिक बाइंग के कारण स्टॉक खत्म हुआ। अब नए टैंकर मंगवाए गए हैं।

**शाजापुरः** बुधवार सुबह पेट्रोल-डीजल की किल्लत के कारण कई पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं। राधा चौराहे, बस स्टैंड और बेरछा रोड स्थित एचपी पंपों पर एडवांस भुगतान न होने से सप्लाई बंद है जबकि टंकी चौराहे का भारत पंप भी खाली हो गया है। फिलहाल, रिलायंस पंप पर सीमित मात्रा में ईंधन मिल रहा है।

**खरगोनः** महेश्वर-बड़वाह रोड स्थित पेट्रोल पंप पर बुधवार सुबह करीब 400 वाहनों की कतार लग गई। भीड़ के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। पंप संचालक ने बताया कि पर्याप्त स्टॉक है और सभी को जरूरत के अनुसार ईंधन दिया जा रहा है। कर्मचारियों ने स्थिति संभालकर व्यवस्था बनाई।

**रतलामः** रतलाम में कुछ पेट्रोल पंप बंद हैं जबकि खुले पंपों पर भीड़ लगी हुई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए टू-व्हीलर में 200 रुपए और चार पहिया वाहनों में 1000 रुपए तक ही पेट्रोल-डीजल दिया जा रहा है। पंप संचालकों के अनुसार स्टॉक पर्याप्त है, लेकिन लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवा रहे हैं।

**सेंधवाः** सेंधवा में भी अफवाहों के बीच पेट्रोल पंपों पर सुबह से भीड़ बढ़ गई। पंप संचालकों और प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ईंधन की कोई कमी नहीं है। लोगों से अनावश्यक भीड़ न करने की अपील की गई है।

**आगर मालवाः** पिपलोन कला के कुबड़िया खेड़ी पेट्रोल पंप पर सुबह से वाहनों की कतार लगी रही। पर्याप्त स्टॉक की जानकारी के बावजूद लोग टैंक फुल करवा रहे हैं। वहीं, कानड़ में मंगलवार रात भीड़ के बीच पहले पेट्रोल भरवाने को लेकर विवाद हो गया, जो मारपीट तक पहुंच गया। बाद में लोगों ने स्थिति को शांत कराया।

**इटारसीः** रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। भीड़ के कारण यातायात प्रभावित हुआ, हालांकि कर्मचारियों ने स्थिति संभाली। लेकिन दिनभर भीड़ बनी रही।

# रेप केस में फरार विधायक गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** पंजाब के पटियाला की पुलिस ने दो साल पुराने रेप केस में 6 महीने से फरार चल रहे आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हरमीत पठानमाजरा को मध्य प्रदेश के ग्वालियर-शिवपुरी बायपास से गिरफ्तार किया है। वे पंजाब की सनौर सीट से पहली बार विधायक बने थे। भगोड़ा घोषित किए जा चुके और ऑस्ट्रेलिया भाग गए विधायक को पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए भारत लौटने के 5 दिन बाद दो दिन के लगातार ऑपरेशन के बाद पकड़ा है। इस कार्रवाई के दौरान उनके 3 साथियों को भी हिरासत में लिया गया है और पटियाला पुलिस की टीम आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए सभी को अपने साथ पंजाब ले गई है। शिवपुरी एसपी अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि इस संबंध में शिवपुरी पुलिस को कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई थी।

# स्कॉटलैंड में मप्र के छात्र की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** भिंड के किसान परिवार के 21 साल के बेटे की स्कॉटलैंड में मौत हो गई। वह यूनिवर्सिटी ऑफ स्टर्लिंग में एमएससी (फॉरेंसिक साइंस) की पढ़ाई कर रहा था। स्कॉटलैंड पुलिस ने भारतीय दूतावास को बताया कि छात्र संस्कार श्रीवास्तव ने सुसाइड किया है, लेकिन परिवार मानने को तैयार नहीं है। परिजन का कहना है कि छात्र टॉप कर रहा था। पार्ट टाइम जॉब से लगभग एक लाख रुपए तक कमा रहा था। मां नीलम का कहना है- आखिरी वीडियो कॉल में संस्कार ने कहा था कि वह जल्द घर आएगा। मेरा बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता। वहां उसकी हत्या की गई है।

### महिला बोली-

# पति का पड़ोसन से अफेयर मुझे जहर पिलाया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर के बगौता गांव में एक महिला को उसके पति और सास ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ पिला दिया। महिला की हालत गंभीर है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। पीड़िता पूनम सेन ने आरोप लगाया है कि उनके पति सोनू सेन के पड़ोस में रहने वाली एक महिला से अवैध संबंध हैं। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पूनम ने बताया कि उन्होंने इस संबंध का कई बार लिखित शिकायत के माध्यम से भी विरोध किया था। पूनम के अनुसार, इसी विवाद को लेकर वर्ष 2024 में एक समझौता भी हुआ था, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं आया।

# संपादकीय

## होर्मुज स्ट्रेट: भारत के लिए खुले द्वार

ईरान ने भारत के लिए होर्मुज स्ट्रेट खोले जाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। भारत में ईरान के कॉन्सुलेट जनरल ने गुरुवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के हवाले से यह जानकारी दी है। ईरान ने बुधवार को ही यह साफ कर दिया था कि वह मित्र देशों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य खोल रहा है। मुंबई स्थित ईरान के कॉन्सुलेट जनरल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ईरान के फैसले की जानकारी देते हुए कहा, 'ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची: हमने होर्मुज स्ट्रेट से चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान को गुजरने की अनुमति दी है।' ईरान की ओर से इस घोषणा के बाद संयुक्त राष्ट्र (UN)के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी होर्मुज स्ट्रेट खोलने के आह्वान किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य का लंबे समय तक बंद रहना, वैश्विक बुवाई के मौसम के एक बहुत ही खास मोड़ पर तेल, गैस और उर्वरक की आवाजाही को बाधित कर रहा है। सभी क्षेत्र और उससे भी आगे सामान्य लोग गंभीर मुश्किलें झेल रहे हैं और बहुत ज्यादा असुरक्षा के माहौल में जी रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र युद्ध के प्रभावों को कम करने की कोशिश कर रहा है। और इसके प्रभावों को कम करने का सबसे आसान तरीका है, युद्ध बंद हो- तुरंत। इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, 'मध्य एशिया में संघर्ष बहुत आगे बढ़ चुका है। अमेरिका और इजरायल के लिए मेरा संदेश है कि अब हर हाल में युद्ध बंद हो,जैसे-जैसे मानवीय पीड़ा बढ़ती जा रही है, नागरिकों की मौतों की संख्या बढ़ रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विनाशकारी होता जा रहा है।' इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, 'मध्य एशिया में संघर्ष बहुत आगे बढ़ चुका है। अमेरिका और इजरायल के लिए मेरा संदेश है कि अब हर हाल में युद्ध बंद हो,जैसे-जैसे मानवीय पीड़ा बढ़ती जा रही है, नागरिकों की मौतों की संख्या बढ़ रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विनाशकारी होता जा रहा है।' इससे पहले बुधवार (25 मार्च ,2026) को न्यूयॉर्क में ईरान मिशन ने साफ कर दिया था कि वह 'गैर-शत्रु जहाजों' को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने देगा।

धर्म-कर्म

# चैत्र नवरात्रि कन्या पूजन के दौरान भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां

## जानें कन्या पूजन के नियम

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरुप मानकर ही उनकी पूजा की जाती है। नवरात्रि की पूजा कन्या पूजन किए बिना अधूरी मानी जाती है। इसलिए विशेष रुप से अष्टमी और नवमी तिथि को कन्या पूजन किया जाता है। इस बार चैत्र नवरात्रि अष्टमी पूजन 26 मार्च को किया जाएगा। जबकि नवमी कन्या पूजन 27 मार्च को किया जाएगा। पंडित राकेश झा बताते है कि कन्या पूजन के बिना नवरात्रि में की गई साधना और व्रत का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता है। लेकिन, इस दौरान कुछ बातों का विशेष ख्याल रखना बेहद जरुरी है। आइए जानते हैं चैत्र नवरात्रि कन्या पूजन के दौरान क्या करें क्या न करें।



### कन्या पूजन के दौरान क्या करें

1) कन्या पूजन के बाद कन्याओं के हाथों में थोड़ा चावल, दूर्वा और के साथ कुछ पैसे जरुर दें। इसके बाद झोली खोलकर बैठ जाएं और मां दुर्गा का जयकारा लगाएं और फिर कन्याओं से कुछ चावल अपनी झोली में ले लें। इसके बाद इन चावल को लाल कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख दें। मान्यता है कि ऐसा करने से सालभर आपको धन धान्य की कोई कमी नहीं रहेगी।
2) कन्या पूजन होने के बाद मां दुर्गा का आभार व्यक्त करें और हाथ जोड़कर उनसे आशीर्वाद लें।
3) कन्या पूजन के बाद बचा हुआ प्रसाद परिवार के सभी सदस्यों में बांट दें।
4) कन्या पूजन के बाद दान पुण्य के कार्य करें। किसी जरूरतमंद को दान और भोजन जरूर कराएं।
5) जब कन्या विदा हो रही हों तो उस स्थान को प्रणाम करें और उनकी चरण की रज ले लें। क्योंकि, कन्याएं मां दुर्गा का स्वरुप मानी जाती है।

### कन्या पूजन के बाद क्या न करें

1) कन्या पूजन के बाद भी अगर कोई कन्या आपका घर आती है तो उसे खाने के लिए जरूर कुछ न कुछ दें। उसका अनादर या अनदेखी न करें।
2) कन्याओं का बचा हुआ प्रसाद फेंके नहीं बल्कि गाय को खिला दें। या आप खुद भी उसको ग्रहण कर सकते हैं। प्रसाद का अनदार न हों इस बात का विशेष ख्याल रखें।
3) घर में झगड़ा या नकारात्मक माहौल न रखें। क्योंकि, घर में कलश आदि होने पर मां दुर्गा रुष्ट हो जाती हैं।
4) कन्या पूजन के दिन कोई भी घर पर आए तो उसे दान दक्षिणा जरुर दें। दान देने से पीछे न हटें।
5) कन्याओं के घर से चले जाने के बाद तुरंत झाड़ू न लगाएं बल्कि कुछ समय के बाद इस स्थान को पहले कपड़े से साफ करें। क्योंकि, वह देवी का स्थान माना जाता है और वहां गिरा हुआ अन्न को प्रसाद स्वरूप ही होता है।

# अष्टमी-नवमी कन्या पूजन में कितनी कन्याएं होनी चाहिए? 5,7 या 9 जानें संख्या और सही उम्र

नवरात्रि के प्रत्येक दिन मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। इस दौरान नवरात्रि के अंतिम दो दिनों अष्टमी और नवमी का अधिक महत्व माना गया है। इन दोनों दिनों पर कन्या पूजन का विशेष महत्व माना गया है। कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। उनको भोजन कराया जाता है और यथा शक्ति उपहार भेंट किया जाता है। ऐसे में कई लोगों के मन में ये सवाल उठता है कि कन्या पूजन में कन्याओं की संख्या और उनकी उम्र कितनी होनी चाहिए। आइए विस्तार से पं. राकेश झा से जानते हैं।

### कन्या पूजन में कितनी कन्याएं होनी चाहिए?

नवरात्रि में अष्टमी और नवमी का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि के अंतिम दो दिनों में कन्या पूजन यानी कंजक पूजी जाती है। 9 कन्याओं को मां दुर्गा का 9 स्वरूप मानकर उनकी पूजा करने की परंपरा है। ऐसे में अगर अष्टमी या नवमी के दिन 9 कन्याएं न मिले तो आप विषम संख्या 3, 5 या 7 कन्याओं को लेकर भी कन्या पूजन कर सकते हैं। अगर तीन कन्या भी नहीं मिले तो क्या करें? तो फिर इस स्थिति में आप एक कन्या का भी पूजन कर सकते हैं। इससे आपको पूजा का पूर्ण फल ही प्राप्त होगा। कन्या पूजन में एक बटुक भैरव को भी आमंत्रित करना शुभ माना जाता है।



### कन्या पूजन में कितनी कन्या होनी चाहिए?

अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन के लिए 2 से 10 वर्ष की कन्याओं को सबसे उत्तम माना जाता है। हिंदू मान्यता के अनुसार, इस उम्र की कन्याओं को मां दुर्गा का नौ स्वरूप माना जाता है। इसमें दो वर्ष की कन्या को कुमारी, तीन वर्ष की कन्या को त्रिमूर्ति, चार वर्ष की कन्या को कल्याणी, पांच वर्ष की कन्या को रोहिणी, छह वर्ष की कन्या को कालिका, सात वर्ष की कन्या को चंडिका, आठ वर्ष की कन्या को शांभवी, नौ वर्ष की कन्या को दुर्गा और दस वर्ष की कन्या को सुभद्रा मान कर पूजा की जाती है।

### अष्टमी और नवमी कन्या पूजन की विधि

1. सबसे पहले कन्याओं को प्रेम पूर्वक अपने घर पर आमंत्रित करें।
2. कन्याओं के पैर धोकर उन्हें साफ आसन पर बैठाएं।
3. माथे पर रोली और अक्षत का तिलक लगाएं।
4. अब उनके दाहिने हाथ में कलावा बांधें।
5. इसके बाद कन्याओं को हलवा, पूड़ी और काले चने का भोजन कराएं।
6. भोजन के बाद अपनी क्षमता के अनुसार उपहार और दक्षिणा दें।
7. आखिर में उनके पैर छूकर आशीर्वाद लें और माता के जयकारे लगाकर आदर पूर्वक विदा करें।

Haryana

# 160 करोड़ के एफडी घोटाला मामले में एक्शन बैंक का रिलेशनशिप मैनेजर गिरफ्तार

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** हरियाणा में कोटक महिंद्रा बैंक में 160 करोड़ के फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) फ्रॉड को लेकर राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने इस मामले में कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्व रिलेशनशिप मैनेजर (RM) दिलीप कुमार राघव को गिरफ्तार कर लिया है.

जांच एजेंसियों के अनुसार, आरोप है कि दिलीप कुमार राघव ने मुख्य आरोपी के साथ मिलकर साजिश के तहत नगर निगम पंचकूला को फिक्स्ड डिपॉजिट से संबंधित गलत रिपोर्ट भेजी. इस मामले में हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने केस दर्ज कर




जांच शुरू की थी.

आरोप है कि नगर निगम ने फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) के नाम पर जो भारी-भरकम राशि बैंक को सौंपी थी, उसे बैंक कर्मचारियों ने मिलीभगत कर फर्जी खातों में ट्रांसफर कर दिया. निगम को भरोसा दिलाने के लिए बैंक अधिकारी लगातार फर्जी स्टेटमेंट और कागजी रिकॉर्ड दिखाते रहे, ताकि किसी को शक न हो. घोटाले का भंडाफोड़ तब हुआ जब नगर निगम ने अपनी एक 58 करोड़ की FD मैच्योर होने पर उसकी राशि मुख्य खाते में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया. बैंक ने बकायदा स्टेटमेंट जारी कर दिखाया कि पैसा ट्रांसफर हो चुका है, लेकिन जब वास्तविक बैंक बैलेंस चेक किया गया, तो वहां एक रुपया भी नहीं पहुंचा था. गहराई से जांच करने पर पता चला कि वह स्टेटमेंट पूरी तरह जाली था. जब नगर निगम ने अपनी बाकी सभी FD की जांच करवाई और उन्हें भुनाने की कोशिश की, तो अधिकारी सन्न रह गए.

Bihar

## कश्मीर में आतंकी नेटवर्क पर प्रहार: श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल में CIK की छापेमारी, दस्तावेज और उपकरण जब्त



**जम्मू, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर में काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने घाटी में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई जिलों में एक साथ छापेमारी की है। मिली जानकारी के मुताबिक श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल में कार्रवाई जारी है।**

यह कार्रवाई एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल के खुलासे के बाद की गई है। इस मॉड्यूल को कश्मीर निवासी शब्बीर अहमद लोन संचालित कर रहा था, जो फिलहाल बांग्लादेश में रहकर सक्रिय है। शब्बीर अहमद लोन गांदरबल के कंगन का रहने वाला है जो बांग्लादेश में रहकर आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का लिए काम कर रहा है और उसी के निर्देश पर नेटवर्क चला रहा है।

इस मॉड्यूल को बांग्लादेश और पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स से निर्देश मिल रहे थे। इनके जरिए स्थानीय युवाओं को जोड़ने, फंडिंग और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची जा रही थी। छापेमारी के दौरान कई संदिग्ध दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामग्री जब्त की गई है, जिनकी जांच की जा रही है। इसी बीच बांदीपोरा जिले में एक ड्रग पेडलर के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने उसकी अवैध संपत्ति जब्त कर ली है। अधिकारियों का कहना है कि आतंकवाद और नशे के नेटवर्क के बीच संबंधों की भी जांच की जा रही है।

Andhra Pradesh

आंध्र प्रदेश में बड़ी दुर्घटना

## लॉरी से टकराई बस; हादसे में 14 लोगों की मौत, कई जिंदा जले

**मार्कपुरम , (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में स्लैब खदानों के पास एक निजी ट्रैवल बस की टिपर लॉरी से टक्कर हो गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है।**

मार्कपुरम डीएसपी हर्षवर्धन राजू ने हादसे के बारे में बताते हुए कहा कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब बस जगित्याला से कालिगिरी जा रही थी। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और वह पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। डीएसपी राजू के अनुसार, आशंका है कि इस घटना में कई यात्री जिंदा जल गए हैं। उन्होंने बताया कि यह हादसा गुरुवार की सुबह हुआ। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि भीषण टक्कर की वजह से ही बस में आग लग गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं, शवों की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।

Uttarpradesh

## आगरा में दरिंदगी: किरायेदार 'अंकल' ने 8 साल की मासूम को मार डाला, आटे के कनस्तर में छिपाई लाश

**आगरा, (एजेंसी) आगरा के सिद्धार्थ नगर में एक किरायेदार सुनील कुमार ने अपने मकान मालिक की 8 साल की बेटी प्रज्ञा की बेरहमी से हत्या कर दी. आरोपी ने मासूम का अपहरण करने के बाद उसकी जान ली और शव को कमरे में रखे आटे के कनस्तर में छिपा दिया. पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जब तलाश शुरू की, तब इस खौफनाक वारदात का खुलासा हुआ.**

वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. वहीं, घटना से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने फतेहाबाद रोड पर जाम लगाकर वाहनों में तोड़फोड़ की. फिलहाल, पुलिस की 10 टीमें मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी हैं. दिनेश कुमार के घर में रहने वाला किरायेदार सुनील, जो उनकी जूते की फैक्ट्री में काम भी करता था, उसने इस वारदात को अंजाम दिया. सुनील पिछले कई महीनों से किराया भी नहीं दे रहा था. जब मंगलवार से प्रज्ञा लापता हुई, तो पुलिस और परिजनों को सुनील पर शक हुआ. तलाशी के दौरान उसके कमरे से मासूम की लाश बरामद हुई. खबर फैलते ही इलाके में दहशत फैल गई और लोगों ने आरोपी को फांसी देने की मांग करते हुए जमकर प्रदर्शन किया. घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सिटी अली अब्बास सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात है. पुलिस ने अब तक चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है और सुनील की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है.

खेल

# हरमनप्रीत कौर के नाम पर रखा गया द्वारका स्टेडियम में स्टैंड, सम्मान पाकर भावुक हुईं कप्तान

**नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को द्वारका स्थित ओमैक्से स्टेडियम में उनके नाम पर स्टैंड समर्पित किया गया। इस खास मौके पर हरमनप्रीत भावुक नजर आईं और इसे अपने करियर की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत भावुक हूं। एक क्रिकेटर के तौर पर मैंने सिर्फ देश के लिए खेलने और खिताब जीतने का सपना देखा था, लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मेरे नाम पर स्टैंड होगा।'**




### मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पर जोर

इस कार्यक्रम के दौरान हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में हुई मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पर भी बात की और इसे खिलाड़ियों के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा, 'ऐसी मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और होनी चाहिए, क्योंकि हर हफ्ते अलग फॉर्मेट खेलना एक नया और चुनौतीपूर्ण अनुभव देता है।' उन्होंने माना कि तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे, टी20) एक साथ खेलना खिलाड़ियों के लिए नया अनुभव रहा, लेकिन इससे टीम को काफी सीख मिली।

**खिताब जीतना क्यों जरूरी?-** हरमनप्रीत ने साफ कहा कि पहचान पाने के लिए सिर्फ मेहनत काफी नहीं, बल्कि ट्रॉफी जीतना भी जरूरी है। उन्होंने कहा, 'किसी भी फील्ड में आपको कुछ खास करना होता है, खिताब जीतना होता है, तभी पहचान मिलती है। वरना मेहनत बेकार लगती है।' उन्होंने यह भी कहा कि महिला क्रिकेटरों ने वर्षों से कड़ी मेहनत की है और कई बार अपने खर्च पर भी खेला है।

**फैंस और मीडिया का सपोर्ट-** कप्तान ने भारतीय फैंस और मीडिया के समर्थन को टीम के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, 'खिताब जीतने के बाद हमें जो प्रतिक्रिया मिली, वह हमारे लिए बहुत बड़ी बात है।'

सिनेमा

## 'धुरंधर' आदित्य धर बने 'बॉक्स ऑफिस का बाप'! सिर्फ 3 फिल्मों ने बनाया टॉप हिंदी डायरेक्टर



धुरंधर 2 देख चुकी जनता जिस चीज के पीछे सबसे ज्यादा क्रेजी हो रही है, वो है आदित्य धर की डिटेलिंग. फिल्म के हर एक सीन, गानों के इस्तेमाल, किरदारों के एक-एक डायलॉग पर जनता बातें करती नहीं थक रही. मीमकारों के लिए तो धुरंधर 2, हीरे की खान साबित हो रही है! जितने ज्यादा दर्शक इस खान में उतर रहे हैं, उतनी ही बड़ी होती जा रही है आदित्य धर की कामयाबी. धुरंधर 2 की कामयाबी के साथ सिर्फ तीन फिल्मों पुराने आदित्य, बॉक्स ऑफिस पर हिंदी सिनेमा के सबसे बड़े डायरेक्टर बनने के लिए तैयार हैं. हाल ही में धुरंधर 2 की तारीफ करते हुए रजनीकांत ने आदित्य को 'बॉक्स ऑफिस का बाप' कहा था. और 'थलाइवा' जो कह दें, वो ना हो ये कैसे हो सकता है!

रोहित शेट्टी नई सदी यानी साल 2000 से बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड के सबसे बड़े डायरेक्टर हैं. गोलमाल, सिंघम फ्रेंचाइजी और कॉप यूनिवर्स की तगड़ी कामयाबी ने उन्हें टॉप पर पहुंचाया था. लेकिन लॉकडाउन के बाद उनकी रफ्तार पहले से स्लो पड़ी है. फिर भी अबतक 16 फिल्मों से रोहित शेट्टी करीब 1925 करोड़ रुपये का रेवेन्यू बॉक्स ऑफिस पर जेनरेट कर चुके हैं.




1. **Bitumen shortage halts 80% of Bengaluru road works**
2. **New NICE link cuts travel time to Mysuru expressway**
3. **Iran allows ships from 'friendly nation' India to pass through Strait of Hormuz**
4. **10 burnt alive, 20 injured in bus-truck collision in Andhra Pradesh**
5. **Maharashtra Assembly passes bill to protect acid attack victims' identities**

# Reliance wants Meta, Google to offload just 8% of their stakes in Jio IPO

**NEW DEIHI, (Agency).** Jio Platforms Ltd. has held talks with 13 marquee foreign investors to sell down 8% of individual stakes in its initial public offering (IPO), which is set to be India's largest in history.

The company, which has the world's second-largest telecom userbase after China Mobile, is set to file its IPO papers in Mumbai as early as this week, according to people aware of the matter. The stake sale "would be around 8% for everyone", said one of the two people involved in the IPO process, who spoke on the condition of anonymity as the discussions were confidential.

Big investors on the list include Meta Platforms Inc. (9.99% stake) and Google (7.73%), as well as Vista Equity Partners and KKR. Three Gulf sovereign funds—Public Investment Fund, Mubadala and Abu Dhabi Investment Authority (ADIA) —are also investors. In 2020, Jio Platforms raised more than $20.5 billion from stake sales to foreign investors.




Reuters calculations show each investors' sale of 8% of their holdings effectively implies about 2.5% of Jio Platforms's total outstanding shares offered in the listing, as it has planned. Meta selling 8% of its 9.99% holding would mean a 0.8% stake sale, for example.

While the talks have focused on each investor selling 8% of its holding, the final numbers could still change. KKR declined to comment, Reliance Industries Ltd. and the other investors did not immediately respond to requests for comment.

The Jio Platforms IPO is being structured as an offer-for-sale (OFS)—a common strategy in India where no new funds are raised by the companies and existing shareholders offload stakes, to be taken up by the public and other investors.

"Total stake sale will be 2.5% to 3%," said the second source aware of IPO plans. "Reliance wants to leave money on the table for retail investors and there is no decision yet on valuation of the company."

# Paresh Raja's £200,000 watch raised red flags years before £1.3-billion MFS collapse

**NEW DEIHI, (Agency).** Years before the dramatic collapse of UK mortgage lender Market Financial Solutions (MFS), a luxury watch worn by its founder Paresh Raja became an unlikely warning sign for a wary investor.

In 2019, Paresh Raja, the man behind MFS, turned up to meetings wearing a Richard Mille timepiece worth upwards of £200,000. For one potential investor, the display of wealth did not signal success, but rather raised questions.

According to the Financial Times report, Asif Godall, then co-chief investment officer at Cairn Capital, decided not to invest in MFS back in 2019 — in part because he was put off by Paresh Raja's expensive Richard Mille timepiece. Godall recalled being struck by the 'watch-to-house ratio', noting that the Richard Mille watch was worth about half the value of his North London home.



Paresh Raja, MFS's director, sported a Richard Mille timepiece that can cost upwards of £200,000. A contact of Godall estimated the watch was about half the value of Raja's north London home at the time. Godall decided to pass up on the opportunity to invest in MFS. A UK-based mortgage lender, Market Financial Solutions (MFS), collapsed in late February amid serious allegations of fraud, triggering potential losses of up to £1.3 billion for major global lenders.

Founded as a small family business, MFS grew rapidly under director Paresh Raja, becoming a significant player in the niche "bridging loans" market. However, concerns about its practices date back to at least 2019, when potential investors flagged poor transparency, incomplete loan data, and unusual refinancing patterns.

गैस सप्लाई का 'औसत फॉर्मूला' लागू

# होटल-केटर्स को 3 महीने की खपत के आधार पर मिलेंगे सिलेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रदेश में व्यावसायिक गैस की आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव करते हुए अलग-अलग सेक्टर के लिए स्पष्ट कोटा निर्धारित किया गया है, ताकि आवश्यक सेवाओं और संस्थाओं को प्राथमिकता मिल सके। तय कोटे के अनुसार व्यावसायिक गैस सिलेंडर का वितरण करने के लिए इंदौर में पिछले तीन माह की खपत का औसत निकालकर प्रत्येक उपभोक्ता की दैनिक जरूरत तय की जाएगी। इसी औसत के आधार पर होटल, रेस्टोरेंट, केटरिंग और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस व्यवस्था से अचानक से बढ़ी मांग या अनियमित वितरण की समस्या पर नियंत्रण मिलेगा और सभी




उपभोक्ताओं को उनकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार सिलिंडर मिल सकेंगे। वहीं कालाबाजारी और स्टॉक जमा करने जैसी प्रवृत्तियों पर भी रोक लगेगी। प्रदेश में नई व्यवस्था के तहत शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों को उनकी जरूरत की 100 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराई जाएगी। यह गैस कुल व्यावसायिक गैस का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा होगी। वहीं होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग सेक्टर को 9-9 प्रतिशत गैस सिलिंडर की सप्लाई होगी। ढाबा और स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए 7 प्रतिशत गैस आवंटन रखा है। वहीं केंद्रीय सशस्त्र बल, पुलिस, जेल, सामाजिक न्याय विभाग के संस्थानों, दीनदयाल रसोई योजना के लिए 35 प्रतिशत गैस तय की है। फार्मास्यूटिकल, फूड प्रोसेसिंग, पोल्ट्री और सीड प्रोसेसिंग उद्योग के लिए पांच प्रतिशत तथा उद्योगों के लिए पांच प्रतिशत गैस निर्धारित की है। इन सबको बीते तीन माह में औसतन खपत का रेश्यो निकालकर सिलिंडर की सप्लाई होगी। शहर में पीएनजी गैस को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने रेस्टोरेंट और होटल में जहां पाइपलाइन उपलब्ध हो वहां पर कनेक्शन देने के निर्देश दिए थे। इसके तहत लगातार शहर में पीएनजी कनेक्शन दिए जा रहे हैं। वहीं घरेलू गैस सिलिंडर की सप्लाई भी नियमित हो रही है। हालांकि, घरेलू गैस सिलिंडर की बुकिंग व्यवस्था गड़बड़ा गई है, इससे आमजन को परेशान होना पड़ रहा है। तय समय सीमा के बाद भी पेट्रोलियम कंपनियों के नंबरों पर कॉल करने के बावजूद बुकिंग नहीं हो रही है। मिस कॉल और व्हाट्सएप चैट सुविधा भी बंद है और घरेलू गैस सिलिंडर बुक नहीं हो रहे हैं। इन सेवाओं का उपयोग करने पर मैसेज आ रहे हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि जल्द ही बुकिंग नंबर जारी किया जाएगा, बार-बार कॉल कर परेशान न हों।

तय कोटे के अनुसार व्यावसायिक गैस सिलिंडर की सप्लाई की जाएगी। बीते तीन माह में लिए गए व्यावसायिक सिलिंडरों के औसत से दैनिक खपत निकालकर तय कोटे के अनुसार सिलिंडर दिए जाएंगे, ताकि सभी को उनकी जरूरत के अनुसार सिलिंडर मिल सकें। घरेलू गैस सिलिंडर की सप्लाई लगातार हो रही है।

**- एमएल मारू**
**जिला आपूर्ति नियंत्रक इंदौर**

## निजी कंपनी मैनेजर पर छेड़छाड़ का आरोप

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक महिला कर्मचारी से उसके ही मैनेजर द्वारा छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 30 वर्षीय पीड़िता एक निजी कंपनी में काम करती है और स्कीम नंबर-74 में रहती है। 28 जनवरी 2026 की रात करीब 8:30 बजे उसका मैनेजर हिमांशु दुबे बिना सूचना दिए उसके घर पहुंच गया। कुछ देर सामान्य बातचीत के बाद आरोपी ने अचानक गलत नीयत से उसे छूने की कोशिश की। पीड़िता के विरोध करने और शोर मचाने पर उसने उसे धक्का देकर खुद को बचाया, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद जब उसने कंपनी में शिकायत करने की बात कही, तो आरोपी ने उसे धमकाना शुरू कर दिया।

## इंदौर में 5वीं का 96% तो 8वीं क्लास का 97% रहा रिजल्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 5वीं क्लास का रिजल्ट 96% रहा है। 49724 बच्चे एग्जाम में पास हुए है। 51815 इस एग्जाम में शामिल हुए थे। वहीं 8वीं क्लास में 97% रहा है। 47339 में से 46138 बच्चे पास हुए है।**

दोपहर में एग्जाम का रिजल्ट घोषित होते ही लोगों ने ऑनलाइन ही बच्चों के रिजल्ट देखे। बच्चों के पास होने और अच्छे प्रतिशत बनने पर लोगों में खुशी का माहौल रहा। जिला परियोजना समन्वयक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि 5वीं का रिजल्ट 96% रहा है। वहीं 8वीं क्लास का 97% रहा है। 5वीं क्लास में 49724 बच्चे पास हुए है, जबकि 8वीं क्लास में 46138 बच्चे पास हुए है। उन्होंने बताया कि 5वीं क्लास में 49724 इसमें A और A+ ग्रेड में 17 हजार 343 बच्चे आए है। वहीं 8वीं क्लास में 46138 बच्चों में से A और A+ ग्रेड में 22 हजार 92 बच्चे रहे। कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं 20 से 28 फरवरी के बीच बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की गई थीं। जिसके बाद 25 मार्च को रिजल्ट जारी किया गया है।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक